माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।
देव दनुज किंनर नर श्रेनीं। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनीं।।
|| मानस महाकुंभ || Ram Katha 950-✲Prayagraj || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 194 | इंदौर, बुधवार 29 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## सीएम डॉ. मोहन यादव बोले- जापान गौतम बुद्ध के जरिए हजारों साल से भारत से जुड़ा



**भोपाल, एजेंसी।** फरवरी में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर समिट में निवेशकों को आमंत्रण देने जापान पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को भारतीय दूतावास में इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट'' कार्यक्रम में शिरकत की। इस सेशन में उन्होंने कहा कि जापान का प्राचीनकाल से आधुनिक काल तक बहुत समृद्ध इतिहास रहा। जापान की उद्यमशीलता को नमन करता हूं, जिसकी बदौलत आज जापान की विश्व के सामने अलग पहचान है। जापान गौतम बुद्ध की हजारों साल पुरानी परंपरा के साथ भारत से जुड़ा हुआ है। जो आज विशिष्ट जीवनशैली और औद्योगिक शैली के साथ आर्थिक युक्ति से संपन्नता पाने वाला देश है।

अपने संबोधन में सीएम डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश के साथ भी जापान के व्यवसायिक दृष्टि से मजबूत संबंध है। मध्यप्रदेश से आज जापान को एल्युमिनियम, कार्बनिक रसायन, बायलर, मशीनरी, फार्मास्युटिकल उत्पाद समेत कई वस्तुओं का निर्यात किया जा रहा है। 2023-24 में मध्य प्रदेश से जापान को 9.28 करोड़ डॉलर का निर्यात किया गया। साथ ही मध्य प्रदेश में जापान के मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े कई उद्योग संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक दशक में तीन गुना बढ़ी है, जिसे पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। पूंजीगत समेत सरकारी व्यय 19 प्रतिशत तक बढ़ा है जो राज्य की उन्नति का द्योतक है। समग्र रुप से करीब 65 हजार करोड़ का निर्यात किया है। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों के निवेशकों की मध्यप्रदेश के प्रति रुचि बढ़ी है। हमारी सरकार एनर्जी सेक्टर, माइनिंग, एजुकेशन, एमएसएमई समेत कई सेक्टर के लिए नई पॉलिसी बना रही है, जिससे निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि नीति से अलग भी अगर निवेशक कोई बदलाव और सुविधा चाहेंगे तो सरकार खुले मन से उन्हें मदद करेगी।

### मप्र में इन क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में फूड, आईटी पार्क, मसाले, मेडिकल डिवाइस, सोलर इक्यूपमेंट, प्लास्टिक, फुटवियर, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स, ईवी, गारमेंट यूनिट, सेमीकंडक्टर पार्क समेत कई क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। खासतौर पर लॉजिस्टिक, गारमेंट, खाद्य प्रसंस्करण, ईवी, आईटी के क्षेत्र में हमारी पॉलिसी बड़े निवेशकों को आकर्षित कर रही है। मध्यप्रदेश की अच्छी नीति और नीयत के बलबूते सभी तरफ से व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है।

## बाइडेन ने रची थी पुतिन की हत्या की साजिश!

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से ही यहां राजनीति में हलचल मची हुई है। इस बीच अब पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को लेकर एक सनसनीखेज दावा किया है। इस दावे के मुताबिक बाइडेन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जान से मारने की साजिश रची थी। यह दावा किया है टकर कार्लसन ने। अमेरिका की राजनीति में जाना माना नाम रहे दक्षिणपंथी अमेरिकी पंडित टकर कार्लसन ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की सरकार पर यह सनसनीखेज आरोप लगाया है कि उन्होंने पुतिन की जान लेने की साजिश रची थी। फॉक्स न्यूज के पूर्व एंकर ने अपने 'द टकर कार्लसन शो' पॉडकास्ट के सोमवार के एपिसोड में कहा, 'बाइडेन सरकार ने पुतिन को मारने की कोशिश की।' उनके गेस्ट अमेरिकी लेखक और पत्रकार मैट टाइब्बी ने उनसे पूछा,'सच में?' इस पर कार्लसन अपने दावे को दोहराते हुए कहते हैं, 'हां, हां, उन्होंने ऐसा किया है।' हालांकि कार्लसन ने इस दावे को साबित करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं किए हैं।

# महाकुंभ में भगदड़ पर पीएम मोदी ने सीएम योगी से ली जानकारी

# हादसे में 15 से अधिक हताहत

**प्रयागराज, एजेंसी। महाकुंभ में भगदड़ की खबर है। 15 लोग हताहत हुए हैंऔर कुछ को बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया जा रहा है। मौके पर मुस्तैद प्रशासन ने तत्काल राहत-बचाव का काम शुरू किया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। मेले में मची भगदड़ के बाद निरंजनी अखाड़े ने स्नान जुलूस रोक दिया है। कुछ फिलहाल अखाड़े स्नान के लिए नहीं निकले हैं। अखाड़ों ने अमृत स्नान स्थगित कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम मोदी ने हादसे की जानकारी सीएम योगी से ली है।**

मौके से सामने आए वीडियो के अनुसार कुछ महिलाओं और बच्चों को भी चोट लगी है। अभी हालात काबू में बताये जाते हैं। महाकुंभ नगर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अफवाहों पर ध्यान न देने और संयम बरतने की अपील की है।

बताया जाता है कि प्रयागराज के संगम तट पर अमृत स्नान से पहले देर रात करीब 2 बजे भगदड़ मच गई। इसमें कुछ लोगों के मरने की बात कही जा रही है। एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक भगदड़ मचते ही लोग दौड़ने लगे। अभी प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

जानकारी मिल रही है कि भगदड़ के बीच संगम तट पर कई श्रद्धालु बेहोश हो गये हैं। घायलों में महिलाओं के साथ बच्चे भी शामिल हैं।

हताहतों को 50 से अधिक एंबुलेंस की मदद से सेंट्रल हॉस्पिटल लाया गया है। कई घायलों को मोटरसाइकिल से भी लोगों ने पहुंचाया है। हालात को काबू करने के लिए सेना और एनएसजी ने मोर्चा संभाल लिया है।



### भारी भीड़ के चलते अखाड़ों ने स्नान रोका

मौनी अमावस्या पर होने वाले अमृत स्नान को भारी भीड़ के चलते शैव अखाड़ों ने रोक दिया है। महानिर्वाणी और निरंजनी अखाड़े के साधु संत एवं नागा संन्यासी स्नान को नहीं निकले। हजारों की संख्या में नागा संन्यासी छावनी में ही मौजूद हैं। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी का कहना है भारी भीड़ के चलते स्नान को रोका गया है। अगर स्थिति ठीक हुई तभी अखाड़े स्नान को निकलेंगे। अन्यथा स्नान को निरस्त कर दिया जाएगा।

### महाकुंभ आए श्रद्धालुओं से सीएम योगी की अपील

# 'अफवाहों पर ध्यान न दें, जो जिस घाट पर है वहीं करे स्नान...'

**प्रयागराज, एजेंसी. प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और मची भगदड़ के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक महत्वपूर्ण अपील की है. उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें.**

सीएम योगी ने कहा कि मां गंगा के हर घाट को स्नान के लिए व्यवस्थित किया गया है, इसलिए श्रद्धालु जिस घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करें और संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें. उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं, ताकि स्नान का यह पावन अवसर सुगम और सुरक्षित तरीके से पूरा हो सके.



माँ गंगा के जिस घाट के जो समीप है, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें।

प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें, व्यवस्था बनाने में सहयोग करें।

बता दें कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है, जिसको लेकर सुरक्षा और यातायात प्रबंधन पर नजर रखी जा रही है. प्रशासन ने अलग-अलग घाटों को स्नान के लिए तैयार किया है, जहां श्रद्धालु आसानी से स्नान कर सकते हैं. सीएम योगी ने अपील की है कि श्रद्धालु प्रशासन का सहयोग करें और स्नान व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में मदद करें.

### डाक विभाग द्वारा गांधी हाल में दो दिनी डाक प्रदर्शनी आयोजित

# मंत्री श्री सिलावट और सांसद श्री लालवानी की विशेष उपस्थिति में डाक प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में आज गांधी हाल इंदौर में डाक प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। भारतीय डाक विभाग के तत्वाधान में आयोजित प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, पद्मश्री डॉ. जनक पलटा मगिलिगन एवं पोस्टमास्टर जनरल सुश्री प्रीती अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद थीं। देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर गांधी हाल में विशेष डाक प्रदर्शनी लगायी गई है। इस अवसर पर पिक्टोरिअल कैंसलेशन एवं देवी अहिल्याबाई से सम्बंधित स्मारकों पर पोस्टकार्ड श्रृंखला का अनावरण भी किया गया।



इस अवसर पर मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने सम्बोधित करते हुए कहा कि माता अहिल्याबाई ने भारत के विकास में अहम योगदान दिया था एवं उनकी जयंती के उपलक्ष्य में अहिल्याबाई से सम्बंधित स्मारकों पर पोस्टकार्ड श्रृंखला का अनावरण, कृष्णपुरा छत्री पर पिक्टोरिअल कैंसलेशन का अनावरण एवं होल्कर स्टेट एवं उनके इतिहास पर जारी डाक टिकिट का प्रदर्शन करना डाक विभाग का अनूठा प्रयास है।

सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती का वर्ष चल रहा है, उन्होंने भारत की समरसता के लिए काम किया है। उनका जीवन भारतीय इतिहास का एक स्वर्णिम पर्व है एवं उनकी जयंती के अवसर पर डाक विभाग के द्वारा किया गया कार्य बहुत सराहनीय एवं प्रशंसनीय है।

डॉ. जनक पलटा मगिलिगन के द्वारा अपने संबोधन में डाक विभाग के द्वारा राजमाता अहिल्याबाई से सम्बंधित स्मारकों पर पोस्टकार्ड श्रृंखला का अनावरण एवं होलकर स्टेट पर जारी डाक टिकटों की प्रदर्शनी की प्रशंसा एवं सराहना की गई। पोस्टमास्टर जनरल इंदौर सुश्री प्रीती अग्रवाल ने कहा कि देवी अहिल्याबाई कर्तव्य, सादगी, धर्म के प्रति समर्पण, प्रशासनिक कुशलता, दूर दृष्टि एवं उज्ज्वल चारित्र्य का अद्वितीय आदर्श थी। बताया कि माता अहिल्या एवं होलकर स्टेट पर आधारित यह प्रदर्शनी 28 और 29 जनवरी 2025 को गाँधी हाल में दर्शनीय रहेगी, जिसमे अनेक फिलाटेलिस्टों द्वारा देवी अहिल्या बाई एवं होल्कर वंश से सम्बंधित ब्रिटिश काल में जारी हुये एवं भारत की आज़ादी के पश्चात जारी हुए दुर्लभ, राज्य एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जारी डाक टिकिटों का दुर्लभ संग्रह प्रदर्शित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कई वरिष्ठ फिलाटेलिस्टों को सम्मानित भी किया गया। डाक टिकिट प्रदर्शनी आयोजन में स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए क्विज, निबंध लेखन एवं डाक टिकिट डिजाईन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक निःशुल्क रहेगी।

इस अवसर पर प्रवर अधीक्षक डाकघर इंदौर नगर संभाग श्री शिवांसु कुमार, डिप्टी पोस्टमास्टर श्री अजय बाफना, क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर के वरिष्ठ अधिकारीगण, इंदौर नगर मंडल के अधिकारीगण, वरिष्ठ फिलाटेलिस्ट तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र के लोक उत्सव "भारत पर्व" पर भक्ति गायन के गीत तथा मालवी लोकनृत्य की रंगारंग प्रस्तुति




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गणतंत्र दिवस की संध्या पर गांधी हाल में लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया गया। इसमें भक्ति गायन एवं मालवी लोकनृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उज्जैन की डॉ. प्रीति देओले एवं उनके दल के सदस्यों द्वारा कबीर, तुलसीदास, नानक, मीरा के भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गयी। इसके पश्चात उज्जैन की सुश्री स्वाति उखले एवं सदस्यों द्वारा मटकी एवं पनिहारी, मालवी लोकनृत्य की सामूहिक प्रस्तुति दी गयी। जिसका उपस्थित संगीत और कला प्रेमी जनता के द्वारा आनंद लिया गया। इस अवसर पर संविधान पर केन्द्रित 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गयी।

## दुर्लभ अभिलेखों और छायाचित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में अभिलेखीय विरासत पर आधारित दुर्लभ अभिलेखों और छायाचित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। विधायक उषा ठाकुर ने केंद्रीय संग्रहालय में फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलन कर इसकी शुरुआत की।**

प्रदर्शनी में इंदौर 1908 का नक्शा, महाराजा होलकर द्वारा महात्मा गांधी को जन्मदिन पर बधाई, यशवंत राव होलकर द्वारा विश्व युद्ध के दौरान नौजवानों को संदेश (1942), होलकर राजपरिवार का वंश वृक्ष सहित कई ऐसे अभिलेख और छायाचित्र है जो काफी साल पुराने हैं। इस मौके पर विधायक उषा ठाकुर ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। विधायक उषा ठाकुर ने कहा- पुरातत्वीय अभिलेख की यह प्रदर्शनी हम सभी को अपनी पुरानी गौरवशाली विरासत से परिचय कराने का सशक्त माध्यम है। आने वाली पीढ़ी का परिचय हमारी विरासत से इसके माध्यम से कराने जा रहे हैं। विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि सभी



आकर इस विरासत को देखे, पढ़े, समझे और अपने जीवन में भूमिका तय करें कि हम अपने प्रदेश-देश, धर्म-संस्कृति, राष्ट्र के लिए ऐसा क्या करें कि आने वाली पीढ़ी हमें भी सम्मान से याद करें। उन्होंने कहा कि यहां जो प्रदर्शनी लगी है उसके बारे में सभी को पता चले। इसके लिए अधिकारियों से कहा है कि वे जिलाधीश और जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर भेजे। इससे सभी विभागों और सभी स्कूल के बच्चों को इसके बारे में पता चल सके।

## खड़गे की सद्बुद्धि के लिए हवन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के गंगा नदी को लेकर दिए गए बयान का इंदौर में श्री परशुराम सेना द्वारा विरोध किया गया। मंगलवार को रीगल चौराहे पर गांधी प्रतिमा के सामने खड़गे की सद्बुद्धि के लिए हवन किया गया और हवन कुंड में आहुति डाली गई। सेना के पदाधिकारियों ने खड़गे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात भी कही।**




मंगलवार को श्री परशुराम सेना के पदाधिकारी हवन कुंड और सामग्री लेकर रीगल चौराहे पहुंचे। यहां खड़गे की कथित विवादित टिप्पणियों के खिलाफ हवन किया गया। पदाधिकारियों का आरोप है कि खड़गे ने हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। सेना के सदस्यों ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लगातार हिंदू आस्थाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उनके बयान से हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। सेना ने खड़गे को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। श्री परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने खड़गे और कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा, 'कांग्रेस की रीति-नीति अब हिंदुओं और सनातन धर्म का अपमान करने तक सीमित हो चुकी है।' उन्होंने खड़गे के बयान को हिंदुओं की आस्था के विरुद्ध बताते हुए कहा कि गंगा नदी हिंदू धर्म का प्रतीक है और मां गंगा जीवनदायिनी हैं। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस के कितने बड़े नेता गंगा में आस्था के रूप में डुबकी लगाते हैं।

## महापौर केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में अखिल भारतीय महापौर केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से 2 फरवरी तक छोटा नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष पहलवानों के लिए अलग-अलग दंगल होंगे। कुल 51 लाख रुपए की इनामी राशि रखी गई है। पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले पहलवानों को क्रमशः 3 लाख, 2 लाख और 1 लाख रुपए की नगद राशि दी जाएगी। वहीं, महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर आने वाली पहलवान को 1 लाख 11 हजार रुपए, द्वितीय स्थान पर 71 हजार रुपए और तृतीय स्थान पर 51 हजार रुपए का इनाम मिलेगा। महापौर केसरी कुश्ती प्रतियोगिता के अध्यक्ष और सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहर की परंपरागत खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

# कांग्रेस तो मुस्लिम लीग से बढ़कर हिंदू विरोधी हो गई : मेंदोला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महू में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कुंभ को लेकर एक विरोधाभासी बयान दे डाला। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कह दिया कि कुंभ स्त्रान से गरीबी दूर नहीं होती। इसको लेकर तत्काल विधायक रमेश मेंदोला ने ट्वीट भी कर दिया और कांग्रेस को मुस्लिम लीग से भी ज्यादा सांप्रदायिक और विरोधी पार्टी बता दिया।**





हिन्दुत्व के मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक रमेश मेंदोला तत्काल ट्वीट करने या बयान देने के लिए जाने जाते हैं। कल जैसे ही मेंदोला को मालूम पड़ा कि खरगे ने हिन्दू विरोधी बयान दिया है तो उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से एक के बाद एक तीन ट्वीट किए। उन्होंने लिखा कि राहुल गांधी की कांग्रेस अब मुस्लिम लीग से भी ज्यादा सांप्रदायिक और हिन्दू विरोधी हो गई है। आपको हिन्दू समाज और आस्था से नफरत क्यों हैं? आपने कभी मुस्लिमों से तो ये सवाल नहीं पूछा कि क्या हज पर जाने से गरीबी दूर होती है? मेंदोला ने यह भी कहा कोई भी हिन्दू गरीबी मिटाने के लिए कुंभ में नहीं जाता है। वह आस्था का अध्य चढ़ाने के लिए गंगा मैया की गोद में जाता है। महू में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा नेता तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक यह कैमरों में अच्छा दिखे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठा रहे हैं और अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो, तो वह माफी मांगते हैं। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी के झूठे वादों के झांसे में न आएं। क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म होती है? क्या इससे आपका पेट भरता है? मैं किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठाना चाहता। अगर किसी को बुरा लगा हो, तो मैं माफी मांगता हूं। उन्होंने आगे कहा, 'जब बच्चे भूख से मर रहे हैं, स्कूल नहीं जा रहे हैं, मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिल रही है, तब ये लोग हजारों रुपये खर्च कर गंगा में डुबकी लगाने की प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। बता दें कि खरगे के इस बयान से पहले, अमित शाह ने प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अलग समय पर गंगा में स्नान किया।

# मोबाइल खरीदने पहुंची युवती बेहोश हो गई...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। डॉलर मार्केट में एक युवती बेहोश हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ मोबाइल खरीदने पहुंची थी। इसी दौरान बेहोश होकर गिर गई। साथी उसे नजदीक के अस्पताल ले गए। यहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई।**



घटना सोमवार दोपहर जेल रोड के मोबाइल मार्केट डालर की है। यहां पर शॉप नंबर 17 सद्गुरू कलेक्शन पर एक युवती अपने 2 दोस्तों के साथ मोबाइल लेने पहुंची थी। इस दौरान कुछ देर बाद वह गश खाकर गिर गई। उसे वहां मौजूद दुकानदार ओर साथियों ने उठाया और नजदीक के अस्पताल ले गए। यहां पर युवती का उपचार किया गया। इसके बाद डॉलर मार्केट के दुकानदारों ने ग्रुप पर मैसेज किए कि तलघर के एसी नहीं चलने को लेकर हादसा हुआ है। उन्होंने सफोकेशन होने की बात कही। 2 माह पहले भी सन्री की दुकान पर इस तरह का हादसा हुआ। उन्होंने मैसेज में ही बताया कि 5 माह से यहां के एसी बंद पड़े हैं। पूरे मार्केट का मेंटेनेंस बीजेपी नेता राजकुमार शर्मा देखते हैं। डॉलर मार्केट में बेसमेंट सहित 4 फ्लोर में मिलाकर करीब 120 दुकानें हैं।

छात्रा से छेड़छाड़

# स्कूल से निकलते समय किया पीछा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। संयोगितागंज इलाके में एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जिसमें वह स्कूल से अपने घर जाने के लिए निकली। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ हरकत की। छात्रा घर पहुंची ओर परिवार को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि इलाके के शासकीय स्कूल में पढ़ने वाली 16 साल की छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने अमन निवासी चितावद के खिलाफ छेडछाड़ को लेकर केस दर्ज किया है। छात्रा ने बताया कि वह सातवीं कक्षा में पढ़ती है, अमन आए दिन उसका पीछा करता है।सोमवार को वह स्कूल से करीब शाम 4 बजे के लगभग छुट्टी होने के बाद पैदल अपने घर जा रही थी। तभी अमन आया ओर रास्ता रोका ओर कहा कि उसे बात करना है। मना करते हुए आगे बढ गई, इसके बाद उसने लगातार पीछा किया। एक जगह रास्ते में हाथ पकड़ा ओर कहा कि बात नहीं करेगी तो ठीक नही रहेगा। इसके बाद छात्रा ने शोर मचा दिया तो वह मौके से भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

# कार सवारों ने पुलिसकर्मी की कॉलर पकड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। पुलिस चेकिंग के दौरान कार सवारों से ब्रीथ टेस्ट देने को कहा तो वे पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। सूबेदार की कॉलर पकड़ ली। एक ने खुद को राष्ट्रीय हिंदू परिषद का प्रदेश अध्यक्ष बताकर गाली-गलौज की। इसका वीडियो कभी सामने आया है।



सूबेदार काजिम रिजवी ने वायरलेस सेट के माध्यम से छोटी ग्वालटोली थाने से मदद मांगी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार सवार चार आरोपियों को थाने भेज दिया। ट्रैफिक पुलिसकर्मी अजय सिंह तोमर की शिकायत पर नरेंद्र सिंह बघेल, अनिल, दिनेश कौशल और जुनेय के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। मामला सोमवार रात मधुमिलन चौराहे का है। ट्रैफिक पुलिसकर्मी अजय सिंह तोमर और सूबेदार काजिम हुसैन रिजवी मधुमिलन क्षेत्र में चेकिंग पॉइंट पर तैनात थे। तेज रफ्तार में एक कार आई। पुलिस ने कार सवारों के शराब पीने की आशंका पर उन्हें रोका। कार में नरेंद्र सिंह बघेल, उसका भाई अनिल और दो अन्य साथी थे। पुलिस ने उन्हें जब सांस जांच (ब्रीथ एनालाइजर) के लिए कहा तो वे अभद्रता करने लगे। नशे में धुत दो वर्दीधारी पुलिसकर्मी आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच जमकर लात घुंसे चलने लगे। फिर दोनों जमीन पर लौट पोट हो गए। दोनों के बीच सड़क पर करीब आधा घंटे तक लात घुंसे और विवाद चलता रहा।

# शराब दुकान में चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के एरोड्रम इलाके में एक शराब दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। चोर दुकान की चद्दर निकालकर अंदर घुसे और नकदी व शराब की पेटियां लेकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, राकेश शिवहरे पंचशील नगर स्थित शराब दुकान के मैनेजर हैं। 26 जनवरी की छुट्टी के कारण 25 जनवरी को दुकान को आबकारी विभाग की उपस्थिति में सील किया गया था। सोमवार को जब दुकान खोली गई, तो पाया कि साइड की चद्दर हटाई गई थी। दुकान के अंदर से नकदी और शराब की पेटियां गायब थीं। घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। मैनेजर राकेश ने बताया कि चोरी गए स्टॉक का आकलन करने के बाद विस्तृत जानकारी पुलिस को दी जाएगी।

# किरायेदार द्वारा 5 साल की बच्ची से रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। लसूडिया में भी एक 5 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़ित बच्ची के यहां किरायेदार है, जो बच्ची को खिलाने के बहाने उसके साथ गंदी हरकत करता था। आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। लोगों ने इस दौरान उसकी पिटाई भी कर दी। लसूडिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 5 साल की बच्ची से रेप के मामले में लोकेश नाम के आरोपी पर केस दर्ज किया है। बच्ची की सोमवार को स्कूल में तबीयत बिगड़ी। इस दौरान टीचर ने परिवार को जानकारी दी। मां के पूछने पर बच्ची ने लोकेश के द्वारा गंदी हरकत करने की बात कही। इसके बाद आसपास के लोगों ने मिलकर लोकेश को पीट दिया ओर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी पर पॉक्सो एक्ट में कार्रवाई की है।

# बिजली कंपनी ने 125 वाहन जब्त किए:बकायादारों के खिलाफ सख्त अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए कई प्रयास किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आपूर्ति संबंधित शिकायतों में लगातार कमी आई है। 26 दिसंबर 2024 को कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों में लगभग 7000 शिकायतें मिली थीं, जबकि 27 जनवरी 2025 को यह संख्या घटकर केवल 2645 रह गई, जो कि 62 प्रतिशत की कमी है।



कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि आपूर्ति व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है और शिकायत निवारण प्रक्रिया को त्वरित रूप से लागू किया गया है। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं की संतुष्टि में भी बढ़ोतरी हुई है, जो अब 98 से 99 प्रतिशत तक है। कंपनी का ऊर्जस एप भी उपभोक्ताओं के लिए एक अहम उपकरण साबित हो रहा है, जिससे हर महीने औसतन 450 से 460 उपभोक्ताओं को सहायता मिल रही है। यह एप स्मार्टफोन में डाउनलोड किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ता आसानी से अपनी बिजली सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने पुराने बकायादारों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। जनवरी महीने में कंपनी ने 125 से अधिक वाहन जब्त किए हैं, जिनमें 122 बाइक, दो ट्रैक्टर और एक कार शामिल हैं। इसके अलावा, लंबे समय से बकाया राशि न चुकाने वाले किसानों के मोटर पंप भी जब्त किए गए हैं। कंपनी ने जनवरी के अंत में शेष राजस्व संग्रहण के लिए करीब पांच हजार कर्मचारियों को तैनात किया है, जो दो लाख उपभोक्ताओं से संपर्क कर बकाया राशि वसूलेंगे। कंपनी की प्रबंध निदेशक रजनी सिंह ने सभी अधीक्षण यंत्रियों को समय पर राजस्व संग्रहण के निर्देश दिए थे, और इसका लक्ष्य है कि जनवरी के अंतिम तीन दिनों में कम से कम दो लाख बकायादारों से संपर्क किया जाए।

# मप्र में निवेश की अनंत संभावनाएँ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जापान में टोयोटा के वरिष्ठ अधिकारियों से मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर की चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान दौरे के पहले दिन टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। उन्होंने श्री तोशियूकी नाकाहारा महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन और श्री मासाहिरो नोगी परियोजना महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन के साथ व्यापारिक संभावनाओं के निवेश के अवसरों पर गहन चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक आइडियल डेस्टिनेशन बताते हुए राज्य की प्रमुख विशेषताओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भारत के केंद्र में स्थित है, जो उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम के लिए एक आदर्श केंद्र बिंदु बनता है। हमारे पास विशाल औद्योगिक भूमि बैंक, कुशल युवा कार्यबल और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा है। खासतौर पर पीथमपुर ऑटोमोबाइल क्लस्टर तेजी से उभरता हुआ औद्योगिक केंद्र है, जो वैश्विक निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं लेकर आया है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य की शांतिपूर्ण और आपदा-रहित स्थिति पर जोर देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश, जापान की तरह ही शांति और स्थिरता के लिए प्रसिद्ध है। राज्य प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित है, जो इसे निवेश के लिए और भी अनुकूल बनाता है। यहां की सरल और परिश्रमी जनता, तकनीकी कौशल और व्यवसाय के लिए प्रतिबद्धता के साथ उद्योगों को उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोयोटा को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया और विशेष रूप से तकनीकी नौकरियों में युवाओं के प्रशिक्षण और सशक्तिकरण के लिए संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, टोयोटा के लिए अपनी सुविधाएं स्थापित करने और व्यावसायिक विस्तार के लिए एक आदर्श स्थान है। हमारी उद्योग नीतियां निवेश प्रोत्साहन और भूमि उपलब्धता और वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में सहायक हैं। टोयोटा के अधिकारियों ने मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिवेश और निवेश-अनुकूल माहौल की सराहना की और राज्य के साथ साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह दौरा 'इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश' अभियान का प्रमुख हिस्सा है, जो फरवरी 2025 में भोपाल में आयोजित होने वाले 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहा है। यह बैठक भारत और जापान के बीच आर्थिक सहयोग को सशक्त करने और मध्यप्रदेश को एक वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और सशक्त कदम है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआईएस के लिये किया आंमत्रित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24-25 फरवरी, 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली है। यह दो दिवसीय समिट मध्यप्रदेश के निवेश, जलवायु और औद्योगिक अवसंरचना के बेहतर प्रजेंटेशन के उद्देश्य से आयोजित की गई है। यह समिट निवेश में संभावित सहयोग के लिए कई अवसर प्रदान करेगा। यह मंच वैश्विक नेताओं, उद्योगपतियों और विशेषज्ञों के लिए एक अवसर होगा, जहां वे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों और प्रवृत्तियों पर अपने विचार साझा करेंगे और मध्यप्रदेश के निवेश संभावनाओं को अधिकतम करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री ने "इंवेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025" में जापान के उद्योगपतियों को भागीदारी के लिये आंमत्रित किया।

## कुएं का दूषित पानी पीने से महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** खरगोन जिले के बिस्तान क्षेत्र के मांडवखेड़ा गांव के कुंवर फलिया में दूषित पानी पीने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन लोग बीमार हो गए हैं। इनमें से 10 लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव के कुएं का पानी कुछ दिनों से बदबूदार और रंग में बदलाव के साथ आ रहा था। बावजूद इसके, लोग मजबूरी में इसी पानी का उपयोग कर रहे थे। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पानी के सैंपल ले रही है। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में मेडिकल कैंप लगाकर बीमार लोगों का इलाज शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने दूषित पानी के स्रोत की पहचान कर इसे बंद करने और वैकल्पिक जलप्रदाय की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों को स्वच्छ पानी के उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## विदेश गए मप्र के 172 लोग नहीं लौटे घर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 172 ऐसे व्यक्तियों की पहचान की गई है, जो विजिटर्स वीजा पर विदेश गए, लेकिन वीजा की मियाद खत्म होने के बाद भी घर नहीं लौटे। ये लोग कंबोडिया, थाईलैंड, म्यांमार और वियतनाम गए थे। संदेह है कि इनमें से कई लोग 'साइबर स्लेवरी' में फंस गए हैं। यानी इन्हें बंधक बनाकर इनसे साइबर अपराध कराए जा रहे हैं। पुलिस अब इन सभी लोगों की डिटेल निकालने के लिए इनके पते पर डोर टू डोर संपर्क करेगी। इन लोगों से परिवार के जरिए संपर्क साधकर इन्हें दोबारा भारत लाने के प्रयास किए जाएंगे। गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय का मानना है कि इन व्यक्तियों को बंधक बनाकर साइबर फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

## भोपाल में फिट्जी कोचिंग सेंटर सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में फिटजी (FIITJEE) कोचिंग सेंटर को सील कर दिया गया है। मंगलवार शाम एमपी नगर एसडीएम एलके खरे और बैरागढ़ एसडीएम आदित्य जैन स्टाफ के साथ एमपी नगर पहुंचे और सेंटर सील करने की कार्रवाई पूरी की। कोचिंग के मालिक डीके गोयल की गिरफ्तारी भी जल्द हो सकती है। भोपाल के पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा ने बताया कि इसके लिए तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है। इनमें से एक टीम दिल्ली पहुंच चुकी है और गोयल के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## कर्नाटक से नीमच लौट रहे चार भाइयों की मौत

### जिस ट्राले में लिफ्ट ली उसी में लोड सामान ने ले ली जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच।** कर्नाटक से कंबल बेचकर घर लौट रहे चार युवकों की ट्राले में रखे समान के नीचे दबाने से मौत हो गई। चारों युवक बंजारा समाज के थे जो रिश्ते में भाई लगते थे। हादसे के पहले चारों युवकों ने घर लौटने की खुशी में वीडियो भी बनाया था।

नीमच जिले के ग्राम खड़ावदा निवासी दीवान बंजारा उम्र 28 वर्ष, निर्मल बंजारा उम्र 19 वर्ष, विजय बंजारा उम्र 19 वर्ष तथा विक्रम बंजारा उम्र 18 वर्ष जो कि आपस में रिश्ते के भाई थे। कंबल बेचने के लिए अक्टूबर 2024 में कर्नाटक गए थे। तीन महीने बाद घर लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने नीमच जा रहे एक ट्रेलर से लिफ्ट ली। युवकों ने अपनी बाइक और सामान ट्रेलर में रख लिया। खुद ट्रेलर के पिछले हिस्से में बिस्तर लगाकर लेट गए। तभी महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर और तुकी नगर के बीच जंगल से गुजरते वक्त सोमवार रात 11 से 12 बजे के बीच ट्रेलर में सामान को बांधने वाला बेल्ट टूट गया। लोहे का भारी सामान युवकों पर गिर गया। इसके नीचे दबने से चारों की मौके पर ही मौत हो गई। चारों युवकों का एक अन्य साथी अनिल पिता पप्पू लाल ड्राइवर के साथ केबिन में बैठा था। इसी वजह से उसकी जान बच गई।



**हादसे के कुछ देर पहले बनाया था वीडियो-** अनिल ने बताया कि तीन महीने बाद हम कर्नाटक से कंबल का व्यापार कर वापस अपने घर की ओर बाइक से लौट रहे थे। रस्ते में हमने ट्रक वाले से लिफ्ट लेकर घर लौट रहे थे। क्या पता था ऐसा दर्दनाक हादसा हो जाएगा। युवकों के परिजनों और ग्रामीणों को जब हादसे की जानकारी मिली तो गांव में शोक की लहर फैल गई। जानकारी मिलते ही परिजन संभाजी नगर के लिए रवाना हो गए। पोस्टमार्टम के बाद सभी के शव खड़ावदा गांव लाए जाएंगे। यहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। ट्रक में सवार चारों युवकों ने तीन माह बाद घर लौटने की खुशी में वीडियो बनाया था। इसमें वे डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## भाजपा युवा मोर्चा ने जलाया कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला, हिंदुओं से माफी मांगें खरगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह, एजेंसी। दमोह में मंगलवार शाम भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रयागराज महाकुंभ पर दिए गए बयान का विरोध जताया। अस्पताल चौराहे पर खरगे का पुतला फूंककर अपना आक्रोश व्यक्त किया और हर सनातनी हिंदू से माफी मांगने की बात कही।**

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने कहा कि खरगे को महाकुंभ पर दिए आपत्तिजनक बयान के लिए देश के सभी सनातनी हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। लोधी ने कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म की आस्था का प्रतीक है। यहां आने वाला श्रद्धालु अपने धर्म के प्रति गहरी आस्था रखता है। आज पूरा देश इस महाकुंभ में स्नान करने जा रहा है।



### पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता

उन्होंने कांग्रेस पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का काम कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता केवल चुनाव के समय हिंदुत्व की बात करते हैं। बाकी समय हिंदू विरोधी बयानबाजी करते रहते हैं। इसी कारण भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप खड़गे का पुतला दहन किया। युवा मोर्चा द्वारा जिले के सभी मंडलों में खड़गे का पुतला दहन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## करोड़पति कॉन्स्टेबल सौरभ, सहयोगी चेतन 4 फरवरी तक रिमांड पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** लोकायुक्त पुलिस ने छापे के 41 दिन बाद मंगलवार को आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। सौरभ एक दिन पहले सोमवार को अपने वकील के साथ लोकायुक्त कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा था, तब कोर्ट ने उसे मंगलवार का समय दिया था। सौरभ को मंगलवार को कोर्ट पहुंचने से पहले ही लोकायुक्त पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उससे 5 घंटे पूछताछ की। इसके बाद चेतन सिंह गौर को भी हिरासत में ले लिया। दोनों को लोकायुक्त कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 4 फरवरी तक के लिए रिमांड पर ले लिया। इधर, सौरभ के पार्टनर शरद जायसवाल भी मंगलवार दोपहर अपने वकील के साथ लोकायुक्त ऑफिस में बयान दर्ज कराने पहुंचा। बयान दर्ज करने के बाद शरद को भी हिरासत में ले लिया है। उससे भी पूछताछ की गई।

## संपादकीय

# भाजपा सबसे अमीर दल

भारतीय जनता पार्टी (BJP) के पास 31 मार्च, 2024 तक 7,113.80 करोड़ रुपये की नकदी और बैंक बैलेंस था जबकि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास 857.15 करोड़ रुपये की धनराशि थी। निर्वाचन आयोग को मुहैया कराए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार बीजेपी ने वर्ष 2023-24 के दौरान 1,754.06 करोड़ रुपये खर्च किए, जो 2022-23 में खर्च किए गए 1,092 करोड़ रुपये से 60 प्रतिशत अधिक है। इसकी तुलना में कांग्रेस ने 2023-24 के दौरान 619.67 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 2022-23 में उसने 192.56 करोड़ रुपये खर्च किए थे। लोकसभा चुनाव की घोषणा 16 मार्च 2024 को हुई थी। निर्वाचन आयोग को वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, भाजपा को 2023-24 के दौरान चुनावी बॉन्ड व्यवस्था के माध्यम से 1,685.69 करोड़ रुपये का चंदा प्राप्त हुआ, जबकि उसके पिछले वर्ष यह 1294.15 करोड़ रुपये था। सत्तारूढ़ दल ने वर्ष के दौरान 2,042.75 करोड़ रुपये का अन्य चंदा भी प्राप्त किया जबकि उसके पिछले वर्ष 2022-23 में उसे 648.42 करोड़ रुपये का चंदा प्राप्त हुआ था। आयोग को दी गयी ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस ने 2023-24 के दौरान कुल 1,225.11 करोड़ रुपये का धन प्राप्त किया, जिसमें चंदा, दान और अंशदान के माध्यम से मिले 1129.67 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसमें 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान चुनावी बॉन्ड के माध्यम से प्राप्त 828.36 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पर रोक लगा दी थी। पिछले वित्त वर्ष भाजपा ने विज्ञापनों पर 591 करोड़ रुपये खर्च किए जिनमें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में 434.84 करोड़ रुपये और प्रिंट में 115.62 करोड़ खर्च किए गए। सत्तारूढ़ दल ने विमान/हेलीकॉप्टरों पर 2023-24 के दौरान 174 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 2022-23 में 78.23 करोड़ रुपये खर्च किए और अपने उम्मीदवारों को 191.06 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी।

## OSHO कहिन

**"यदि आप किसी से प्यार करते हैं, तो उसे छोड़ने के लिए स्वतंत्र रहें। अगर वह वापस आता है, तो वह तुम्हारा है; अगर नहीं आता, तो वह कभी तुम्हारा नहीं था।"**



## ज्ञान-विज्ञान

### ISRO ने रचा इतिहास

# अंतरिक्ष में अपने 100वें मिशन को किया लॉन्च, NVS-02 मिशन सफल



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने बुधवार को अपने ऐतिहासिक 100वें मिशन की सफल लॉन्चिंग की. इस मिशन में एक नेविगेशन सैटेलाइट को जीएसएलवी रॉकेट पर लॉन्च किया गया. यह इसरो के नए अध्यक्ष वी नारायणन का पहला मिशन था, जिन्होंने 13 जनवरी को कार्यभार संभाला था. वहीं, इसरो का इस साल का ये पहला मिशन था. इससे पहले ISRO ने पहले 30 दिसंबर 2024 को एक अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था, जो एजेंसी का 99वां मिशन था.

बता दें कि सुबह 06:23 बजे GSLV-F15 रॉकेट से NVS-02 मिशन लॉन्च किया गया. जीएसएलवी-F15 की 17वीं उड़ान है. एनवीएस-02 उपग्रह है, जो नाविक (NAVIC) उपग्रह प्रणाली का हिस्सा है. एनवीएस-02 सैटेलाइट नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन (नाविक) श्रृंखला का दूसरा सैटेलाइट है. इसका उद्देश्य भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ भारतीय भूमि से लगभग 1,500 किमी तक के क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति, वेग और समय प्रदान करना है.

### दूसरी पीढ़ी के सैटेलाइट

29 मई, 2023 को पहला नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-01 लॉन्च किया था. नाविक में पांच दूसरी पीढ़ी के सैटेलाइट शामिल हैं - एनवीएस-01/02/03/04/05, जो नाविक बेस लेयर कॉन्स्टेलेशन को उन्नत सुविधाओं के साथ बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं ताकि सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके.

### 2250 kg का सैटेलाइट

यूआर सैटेलाइट सेंटर द्वारा डिज़ाइन और विकसित किए गए एनवीएस-02 सैटेलाइट का वजन लगभग 2,250 किलोग्राम है. इसमें एल1, एल5 और एस बैंड में नेविगेशन पेलोड के अलावा सी बैंड में रेंजिंग पेलोड है, जो इसके पूर्ववर्ती एनवीएस-01 की तरह है.

### ये होगा फायदा

इसरो के अनुसार, इस सैटेलाइट का उपयोग मुख्य रूप से भूमि, वायु और समुद्री नेविगेशन, सटीक कृषि, फ्लीट प्रबंधन, मोबाइल डिवाइस में स्थान-आधारित सेवाएं, उपग्रहों के लिए कक्षा निर्धारण, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आधारित अनुप्रयोग, आपातकालीन और समय सेवाएं के लिए किया जाएगा.

Uttarpradesh

# महाकुंभ भगदड़: प्रयागराज आ रहीं कई ट्रेनें डायवर्ट की गईं, सारी स्पेशल ट्रेनें भी अगले आदेश तक रद्द

**चंदौली, (एजेंसी)** प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दिन अत्यधिक भीड़ को देखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से प्रयागराज जाने वाली महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया है. इसके चलते जंक्शन पर प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी है.

बाकी अलग रूट पर चलने वाली कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन यथावत जारी है. सिर्फ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से प्रयागराज आने वाली कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों को रोका गया है. लेकिन रेगुलर ट्रेनें चल रही हैं. सिर्फ कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों को रोका गया है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से प्रयागराज जा रही हैं.



पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल डिवीजन के वाणिज्य प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया, स्पेशल ट्रेन का परिचालन अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है. कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन फिलहाल अस्थाई तौर पर बंद रहेंगी. रेगुलर ट्रेनें चलती रहेंगी. प्रयागराज में ज्यादा भीड़ होने के चलते स्पेशल ट्रेन को रोका गया है. उधर, प्रयागराज महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है. प्रयागराज जंक्शन पर रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) और पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है. श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कड़े इंतजाम किए गए हैं.

Jharkhand

## जंगली फल खाने से 16 स्कूली बच्चे बीमार, जिस साथी ने खिलाया वह स्वस्थ

**रांची, (एजेंसी) घाटशिला के मुसाबनी प्रखंड स्थित बेनाशोल पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय धीवर बस्ती के 16 बच्चे गांव के जंगल में जंगली फल खाकर बीमार हो गए. सभी बच्चों को स्कूल में पेट दर्द होने लगा. उसके बाद उल्टी भी हुई. बच्चों की स्थिति देखकर प्रधानाध्यापिका ने एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल में एडमिट कराया. देर शाम लगभग 7.30 बजे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार को देखते हुए अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया.**

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीता हांसदा ने बताया कि इन बच्चों ने स्कूल आने से पहले ही यह फल खाया था. स्कूल के एक बच्चे ने ही सभी बच्चों को यह फल दिया था. जिस बच्चे ने यह फल दिया. उसने बताया कि वह हर दिन यह फल खाता है. उसे अब तक कोई दिक्कत नहीं हुई.

घटना पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तेजविंदर कौर ने आज तक संवाददाता द्वारा घटना के संदर्भ में शाम 6.30 पर पूछने पर अनभिज्ञता जताई. उन्होंने कहा कि मैं इस संदर्भ में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका से बात करके आपको बताती हूं. कुछ देर बाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने आजतक को कॉल कर घटना पर सहमती जताई. प्रधानाध्यापिका ने कहा कि विद्यालय के मध्यान भोजन से इस घटनाक्रम का कोई ताल्लुक नहीं है. सुबह विद्यालय आने से पहले स्कूली बच्चों ने गांव में ही कुछ जंगली फल खा लिया था, उसके बाद विद्यालय पहुंचने पर बच्चों का पेट दर्द हुआ और उल्टी होने लगी.

उसके बाद विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने एंबुलेंस बुलाकर बच्चों को घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेजवाया.

New Delhi

## बच्चों के मामूली झगड़े में 9 साल की बच्ची को मार डाला, फरीदाबाद में पड़ोसी ने पटक-पटकर ली जान

**फरीदाबाद, (एजेंसी)** फरीदाबाद के गांव सिरोही में भाई के साथ खेल रही चौथी कक्षा की छात्रा को पड़ोसियों ने जमीन पर पटक-पटककर मार डाला। उसकी पहचान 9 वर्षीय नाजिस के रूप में हुई है। घर के बाहर खेलने के दौरान उसकी पड़ोसी बच्चों से लड़ाई हो गई थी। इस रंजिश में पड़ोसी बच्चों के परिजनों ने वारदात को अंजाम दिया। 9 वर्षीय नाजिस राजकीय स्कूल में चौथी क्लास में पढ़ रही थी। पिता साकिर ने बताया है कि 23 जनवरी को शाम करीब छह बजे नाजिस अपने छोटे भाई ओबेरन के साथ घर के बाहर खेल रही थी। खेलने के दौरान बच्चों में किसी बात को लेकर लड़ाई हो गई। इस पर पड़ोसी बच्चों ने अपने चाचा व अन्य परिजनों को घर से बुला लिया। पीड़ित के अनुसार बच्चों के बुलाने पर वाजिद, शाहरुख और रोबिन आ गए। आरोप है कि वे आते ही मारपीट करने लगे। सिमेंटिड पाइप, लाठी-डंडे से भी पीटा। साथ ही शाहरुख ने नाजिस को उठाकर जमीन पर कई बार पटका। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

Uttarpradesh

## लखनऊ में बड़ा हादसा, दुकानों में घुसा अनियंत्रित ट्रक, तीन लोगों की मौत और कई घायल

**लखनऊ, (एजेंसी)** इटौंजा से कुर्सी रोड की ओर जा रहा तेज रफ्तार कंटेनर मंगलवार रात अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मौजूद दुकानों पर पलट गया। कंटेनर के नीचे दुकानदार और ग्राहक दब गए। हादसे में महोना नगर पंचायत के तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कंटेनर पर फ्रूटी लदी हुई थी। इसकी वजह से राहत एवं बचाव अभियान में पुलिस और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

इंस्पेक्टर इटौंजा के मुताबिक हादसे में महोना के शिवा (18), संजीव (18) और धनेश (22) की मौत हुई है। वहीं, महोना के ही मुन्ना, नीरज और मनीष रावत गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इनके अलावा दो अन्य लोगों को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।



कंटेनर की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसके पलटते ही दुकानें जमींदोज हो गईं। मलबे में और लोगों के दबे होने की आशंका को देखते हुए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। देर रात में कंटेनर को किनारे कर मलबे को जेसीबी से हटाने का काम शुरू हुआ। हादसा मंगलवार रात करीब 10 बजे का बताया जा रहा है। कंटेनर की चपेट में पिंटू चौरसिया की टीवी की दुकान, नीरज की मोबाइल फोन की दुकान, मनीष की अंडे की दुकान और पुतान की इलेक्ट्रानिक की दुकान क्षतिग्रस्त हो गई।

खेल

# वरुण चक्रवर्ती के घातक प्रदर्शन पर भारी पड़ी इंग्लैंड की गेंदबाजी, भारतीय बल्लेबाजों ने किया निराश

**राजकोट, एजेंसी। इंग्लैंड ने तीसरे टी20 मैच में भारत को 26 रनों से हराकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। बुधवार को राजकोट में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया और इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। मेहमानों ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर सिर्फ 145 रन ही बना सकी। इस तरह इंग्लैंड ने इस सीरीज में पहला मुकाबला अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। अब दोनों टीमें शुक्रवार (31 जनवरी) को पुणे में एक बार फिर आमने-सामने होंगी जिसमें टीम इंडिया सीरीज में अजेय बढ़त बनाने का लक्ष्य लेकर उतरेगी।**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। पहला झटका संजू सैमसन के रूप में लगा, उन्हें जोफ्रा आर्चर ने अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ तीन रन बना पाए, जबकि बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 24 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटे। इस मुकाबले में भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने सर्वाधिक 40 रनों की पारी खेली। उन्होंने एक चौके और दो छक्के लगाए। उनके अलावा कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 14, तिलक वर्मा ने 18, वाशिंगटन सुंदर ने छह, अक्षर पटेल ने 15, ध्रुव जुरेल ने दो, मोहम्मद शमी ने सात, रवि बिश्नोई ने चार* और वरुण चक्रवर्ती ने एक* रन बनाया। इंग्लैंड की तरफ से जैमी ओवरटन ने तीन विकेट लिए जबकि जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स ने दो-दो विकेट लिए। इसके अलावा मार्क वुड और आदिल रशीद को एक-एक सफलता मिली।



इस मुकाबले में इंग्लैंड की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट महज पांच रन बनाकर दूसरे ओवर में ही आउट हो गए। उन्हें हार्दिक पांड्या ने अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। इसके बाद मोर्चा बेन डकेत और जोस बटलर ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 45 गेंदों में 76 रनों की साझेदारी हुई, जिसे वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा। उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान को सैमसन के हाथों कैच आउट कराया। वह एक चौके और इतने ही छक्के की मदद से 24 रन बनाकर लौटे। वहीं, डकेत 26 गेंदों में अपने करियर का दूसरा टी20 अर्धशतक पूरा करने में कामयाब हुए। इस दौरान उनके बल्ले से सात चौके और दो छक्के निकले। भारत के खिलाफ हैरी ब्रूक ने आठ, लियाम लिविंगस्टोन ने 43, जैमी स्मिथ ने छह, जैमी ओवरटन ने शून्य, ब्रायडन कार्स ने तीन, जोफ्रा ऑर्चर ने शून्य रन बनाए।

सिनेमा

## हेलीकॉप्टर को रिक्शा की तरह इस्तेमाल कर रहे थे बोनी कपूर, फराह ने खुशी को सुनाया किस्सा



बॉलीवुड डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान अपने व्लॉग को लेकर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने हाल ही में बोनी कपूर और उनकी बेटी खुशी कपूर से बात की। इस दौरान फराह खान ने बोनी कपूर की बेटी खुशी को अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित की एक फिल्म का किस्सा सुनाया है। उन्होंने बताया कि कैसे उस फिल्म के एक गाने के शूट के दौरान बोनी कपूर हेलीकॉप्टर को रिक्शा और डंजो डिलीवरी ऐप की तरह इस्तेमाल कर रहे थे। फराह खान जिस फिल्म की बात कर रही थीं उस फल्म का नाम था पुकार। इस फिल्म के गाने किस्मत से तुम के लिए कास्ट और क्रू अलास्का पहुंचे थे। यहां बोनी कपूर हेलीकॉप्टर को रिक्शा की तरह इस्तेमाल कर रहे थे। फराह ने खुशी को बताया कि उस शूट लोकेशन पर केवल हेलीकॉप्टर से जाया जा सकता था। फराह ने बताया कि बोनी ने करीब 10 हेलीकॉप्टर का इंतजाम किया था। फराह ने खुशी से कहा, 'तो आपके पिता हेलीकॉप्टर को रिक्शा की तरह इस्तेमाल कर रहे थे।'फराह ने आगे बताया कि डायरेक्टर राजकुमार संतोषी ने उस वक्त भारतीय खाना खाने की इच्छा जाहिर की। उस वक्त बोनी ने कहीं से एक भारतीय कुक ढूंढा। फराह ने बताया, हम अलास्का के किसी कोने में थे, जो उत्तरी ध्रुव की तरह है और बोनी ने बटर चिकन, नान, बिरयानी, पनीर और दाल मखनी का इंतजाम किया।

## Highlights

1. **Stampede breaks out on biggest bathing day at Maha Kumbh, several injured**
2. **Kejriwal should prove his claim on Haryana water poisoning: Congress**
3. **India is putting efforts to host 2036 Olympics: PM Modi**
4. **Boy pays another student to rape, kill girl for complaining to teacher about him in Pune**
5. **Give proof on Yamuna poisoning by 8 pm on Jan 29: EC to Kejriwal**

# Union Budget 2025: Is Indian stock market open or closed on Saturday (February 1)?

**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian stock markets, which are usually closed on the weekends, will remain open for trading this Saturday, February 1, when Finance Minister Nirmala Sitharaman presents the Union Budget.

According to a circular issued by the National Stock Exchange of India Limited, the trading hours will follow the standard schedule from 9:15 am to 3:30 pm.

Usually closed on the weekends, the stock markets occasionally operate on Saturdays for special events, such as the Union Budget.

Similarly, the markets remained open on February 1, 2020, and February 28, 2015, when the Budgets were




presented on Saturdays, and the market remained open. For those interested in premarket trading on the day of the Budget presentation, the market will operate from 9:00 am to 9:08 am.

Bombay Stock Exchange to remain open on Saturday

As per a circular, BSE Indices will also be calculated on February 01, 2025 (Saturday) which is declared as a special trading day by the exchange on account of Union Budget 2025-26. Markets shall remain open for regular trading hours.

Here are further details:
Block deal meeting - 1 08:45 hrs to 09:00 hrs

# SpiceJet to re-introduce grounded Boeing 737 Max aircrafts from Jan 29

**NEW DEIHI, (Agency).** Domestic budget carrier SpiceJet on Tuesday said it is set to re-induct one of its grounded Boeing 737 Max aircraft into operations from January 29, as part of its plan to put all these planes back into service in a phased manner.

The first such plane is set to be deployed on high-demand markets such as Jeddah and Riyadh, starting Wednesday, it said.

Grounded for several months, the aircraft's return marks a significant milestone




in the airline's fleet restoration and operational enhancement efforts, SpiceJet said in a statement.

Under its ongoing fleet restoration plan, the airline aims to bring ten aircraft, including four Boeing 737 MAX planes, back into service by mid-April and this is the first 737 MAX aircraft to be brought back under the exercise, it said.

In addition to this, SpiceJet said it has since October last year added 10 aircraft to its fleet, comprising three previously grounded planes and seven newly-leased aircraft.

This has enabled the airline to expand its network with over 60 new flights introduced in the last three months, further enhancing connectivity and offering passengers more travel options, SpiceJet said.

To facilitate the restoration of its Boeing MAX fleet, SpiceJet recently entered into services agreements with US-based engine MRO provider StandardAero Inc and the original equipment manufacturer (OEM) for LEAP-1B engines, and CFM International, Inc.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक